# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला –राजनांदगांव, छ.ग.

कमांक / एच.आर. / न.क. 2018–60 / 2018/918 राजनांदगांव, दिनांक : 14/09/2018

## विज्ञापन सूचना

जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद राजनांदगांव द्वारा स्वीकृत जिले के दूरस्थ एवं वनांचल विकासखण्ड के कुल 20 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए 06 माह की अवधि हेतु महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद हेतु वॉक–इन–इंटरव्यू कार्यालय "**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला –राजनांदगांव, पुराना, जिला –अस्पताल**, गुरूद्वारा के सामने राजनांदगांव में आयोजित किया गया है।

विज्ञापित पद का विवरण –

| S. No. | Post Name | Vaccent | UR | OBC | SC | ST | Salary | Educational Qualification |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ANM | 20 | 10 | 2 | 2 | 6 | 12000/- | 12th passed, ANM Passed & INC affilited Training Center & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registrastion Counslling |

### चयन प्रकिया के संबंध में दिशा निर्देश–

1. जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास जिले के दूरस्थ एवं वनांचल विकासखण्ड के कुल 05 उप स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु स्वीकृत ए.एन.एम. पद पर भर्ती किया जाना प्रस्तावित है।
2. आवेदक आवेदन पत्र निर्धारित संलग्न प्रारूप में भर कर या टंकित प्रस्तुत कर सकते है। जिसका प्रारूप संलग्न है।
3. आवेदन हेतु दिशा निर्देश –

| स.क्र. | प्रकिया | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | आवेदन जमा किए जाने हेतु | 20 / 09 / 2018 | प्रातः 9:00 से 11 बजे तक |
| 02 | दावा आपत्ति हेतु पात्र अपात्र की सूची | 20 / 09 / 2018 | दोपहर 3:00 बजे के बाद |
| 03 | लिखित परीक्षा | 24 / 09 / 2018 | दोपहर 12:00 बजे |

4. आवेदक को वाक–इन–इंटरव्यू हेतु आवेदन पत्र पूर्णतः भरकर सभी संलग्न दस्तावेजो को स्व प्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा।
5. आवेदन पत्र के साथ विकलांग / अनु.जाति / अनु.जनजाति संवर्ग के लिये आवेदन शुल्क 100 / –(सौ रूपये मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैक का डिमान्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) **जिला स्वास्थ्य समिति, जिला – राजनांदगांव** के नामे आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
6. अन्य पिछडा संवर्ग के आवेदको हेतु आवेदन शुल्क 200 / –(दो सौ रूपये मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैक का डिमान्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) **जिला स्वास्थ्य समिति, जिला – राजनांदगांव** के नामे आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
7. अनारक्षित वर्ग के अभ्यार्थीयों को आवेदन शुल्क 300 / –(तीन सौ रूपये मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैक का डिमान्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) **जिला स्वास्थ्य समिति, जिला – राजनांदगांव** के नामे आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

8. आवेदक को पंजीयन हेतु स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अपने परिचय संबंधी –02 पासर्पोट साइज कलर फोटो, पहचान पत्र (आधार कार्ड/ड्रायविंग लाईसेंस/मतदाता परिचय पत्र /स्मार्ट कार्ड /राशन कार्ड /बैंक पास बुक की मूल प्रति फोटो युक्त) में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर ही आवेदक का पंजीयन किया जावेगा।

9. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जावेगें उसे निरस्त कर दिया जावेगा।

10. पंजीयन उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यार्थियों की सूची सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी। जो कि समय 03.00 बजे उपरांत सूचना पटल में प्रदर्शित होगी।

11. दावा आपत्ति, दावा आपत्ति निराकरण एवं साक्षात्कार से संबंधित सूचना सभी अभ्यार्थीयों को कार्यालय के सूचना पटल से अवलोकन करना होगा। पृथक से कोई सूचना अभ्यार्थी को नही दी जावेगी।

12. दावा आपत्ति हेतु एक निश्चित समय दिया जावेगा। दावा आपत्ति के प्रसारण उपरांत अभ्यार्थी को अपनी अर्हता संबंधी कोई भी दस्तावेज संलग्न करने की अनुमति नहीं होगी केवल टंकण त्रृटि अथवा आवेदन अवलोकन में होने वाली त्रृटि में संशोधन हेतु अभ्यावेदन स्वीकार किये जावेगे।

13. ए.एन.एम. पद हेतु चयन प्रकिया न्यूनतम शैक्षणिक अहर्ता में प्राप्त अंको के 70 प्रतिशत अंक, मितानिन कार्य का अनुभव होने पर प्रतिवर्ष 04 अंक के मान से अधिकतम 20 अंक देय होगा जो कि SHRC द्वारा जारी प्रमाण पत्र पर ही मान्य होगा। उक्त दोनों अंको को जोडकर मेरिट सूची बनायी जायेगी, जिसके सूची अनुसार पात्र अभ्यिाथिर्यो का 10 अंको का लिखित परीक्षा लिया जावेगा। ANM Course में प्राप्त प्राप्तांक के 70 प्रतिशत अंक, मितानिन कार्य के अनुभव के अंक एवं लिखित परीक्षा में उर्त्तीण अभ्यार्थियों के कुल प्राप्त अंको को जोड कर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

14. उक्त पदों हेतु चयन प्रक्रिया में राजनांदगांव जिले की मितानिन कार्य अनुभव आर्हता धारित अभ्यार्थियों की वरिष्ठता सूची से सर्वप्रथम विज्ञापित पद की आपूर्ति की जावेगी। तदउपरांत पद रिक्त रहने की स्थिति में ही अन्य आवेदक जो जिला राजनांदगांव निवासी है, का चयन किया जावेगा।

15. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होना अनिवार्य है।

16. आवेदक को जिला–राजनांदगांव निवासी होना अनिवार्य होगा। इस संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिले के पात्र आवेदक उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अन्य जिले के आवेदको को अवसर प्रदाय किया जावेगा।

17. लिखित परीक्षा हेतु पात्र समस्त अभ्यार्थियों को लिखित परीक्षा के समय सभी संलग्न किये गये दस्तावेजो की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि आवेदक लिखित परीक्षा के दौरान अपनी अहर्ता संबंधी किसी भी संलग्न दस्तावेज का मूल प्रति प्रस्तुत नहीं करते है तो चयन समिति द्वारा उन्हें साक्षात्कार से वंचित कर अपात्र किया जावेगा। किसी भी स्थिति में मूल प्रमाण पत्र लिखित परीक्षा के बाद प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं होगी।

18. अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन में दिए गयें समस्त प्रविष्टियों मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिए। अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात दस्तावेज जांच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी है तो उन्हे आगामी अंतिम चयन सूची में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। चयन के पूर्व/पश्चात् जानकारी त्रुटिपूर्ण पायें जाने पर उनका चयन निरस्त किया जाएगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय नियुक्तीकर्ता का होगा।

19. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2018 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2018 की स्थिति में की जावेगी। जिस संबंध में उम्र की पुष्टि हेतु 10वीं की अंक सूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

20. मात्र पंजीयन करवाने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगी। पात्र आवेदक को लिखित परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। चयन प्रकिया पूर्ण उपरांत जारी अंतिम चयन सूची में चयनित अभ्यार्थी का मूल प्रमाण पत्र जॉच किया जाएगा। सभी दस्तावेज सही पाये जाने पर ही उनके चयन की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

21. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

22. उपरोक्त संविदा आदेश जारी तिथि से कुल 06 माह के लिए होगी। 06 माह उपरांत कलेक्टर महोदय के अनुमोदन उपरांत जिला खनिज न्यास से फंड की स्वीकृति मिलने पर ही सेवा वृद्धि की जावेगी।
23. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् कार्य असंतोषजक/कदाचरण पृवति प्रदर्शित होने पर अथवा संविदा नियम सेवा शर्तो का उल्लंघन पाये जाने पर अथवा उच्च कार्यालय के निर्देशों पर किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर संविदा सेवा समाप्त किया जा सकता है अथवा उन्हें एक माह का वेतन देकर तत्काल सेवा समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार चयनित अभ्यार्थी द्वारा उपस्थित दिए जाने उपरांत किसी भी कारण से त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना अथवा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाना होगा।
24. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
25. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
26. उक्त पद के लिये प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से 06 माह तक होगी। इस समयावधि में त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदो की पूर्ति भी इसी प्रतीक्षा सूची से की जा सकेगी।
27. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| स्व प्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो |
|---|

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :....................................................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :....................................................................
   (अग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :....................................................................
3. पिता/पति का नाम :....................................................................
4. (अ) जन्म तिथि (अंको में) :....................................................................
   (ब) आयु 01 जनवरी 2018 की स्थिति मे: वर्ष ..................माह.......................दिन.................
5. जाति (सामान्य/अनु.जाति/जन.जाति/अ.पि.वर्ग) :....................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नही :....................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. संलग्न डी.डी. कमांक :..............................दिनांक...............................
8. संलग्न डी.डी. राशि :....................................................................
9. स्थायी निवास का पता :....................................................................
   :....................................................................
   :....................................................................
10. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :....................................................................
   :....................................................................
   :....................................................................

मोबाईलनं. :....................................................................

दूरभाष नं. :....................................................................

ई–मेल आई.डीः....................................................................

11. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः–

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

12. कार्य अनुभव का विवरण :–

| क्र | संस्था का नाम | संस्था का प्रकार (शासकीय / सार्वजनिक / वित्तीय सहायता प्राप्त संस्था | पदनाम | कार्य अवधि / अनुभव कुल वर्ष | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

13. विवाहिक स्थिति (हॉ / नही) :.....................................................................

14. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या :–

1. ........................................................................ 2. ..................................................................
3. ........................................................................ 4 ..................................................................
5. ........................................................................ 6. ..................................................................
7. ........................................................................ 8. ..................................................................

आवेदक के हस्ताक्षर

<u>घोषणा पत्र</u>

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारी एवं संलग्न अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है। तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

स्थान :– ...............................

दिनांक :– ...............................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ...........................................................

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक / मु.चि.अ. / न.क्र.2018-60 / 2018 / 919 राजनांदगांव, दिनांक : 15/09/2018

## / / विज्ञापन सूचना / /

कलेक्टर महोदय, जिला–राजनांदगांव के अनुमोदन उपरांत जिला खनिज संस्थान न्यास से स्वीकृत ए.एन.एम. के कुल 20 रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु वॉक–इन–इन्टरव्यू का आयोजन दिनांक 20.09.2018 को एवं लिखित परीक्षा 24.09.2018 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, में किया गया है। आवेदन पत्र/आवेदन शुल्क एवं अन्य विवरण राजनांदगांव जिले के वेबसाईट https://rajnandgaon.nic.in/ https://rajnandgaon.gov.in में देखे जा सकते है।

15/9/18

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)